तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




दिनभर बारिश से शहर का मौसम सुहावना हो गया।

**खबर संक्षेप**

## जयंती समारोह में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री डिप्टी सीएम

**बिलासपुर।** गुरुवार 25 सितम्बर को सुबह 8.30 बजे पं.दीनदयाल की जयंती पर भाजपा जिला शहर द्वारा पं.दीनदयाल उद्यान व्यापार विहार स्थित पं.दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री, सांसद तोखन साहू, उप-मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धर्मजीत सिंह, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महापौर पूजा विधानी, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुष्पाजंलि पश्चात उद्यान में श्रम दान करेंगे।



## खाड़ी में बना सिस्टम होने लगी बारिश

**बिलासपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण बुधवार को शहर में पूरे दिन बारिश होती रही। मौसम विभाग के अनुसार मौसम का मिजाज गुरूवार को भी लगभग इसी तरह का रहने वाला है। इधर बारिश शुरू होने से दुर्गोत्सव का मजा किरकिरा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में गुरूवार को मौसम की स्थिति ऐसी ही रहेगी। मंगलवार रात से एकाएक बारिश शुरू होने से दुर्गोत्सव समितियों द्वारा की जा रही तैयारियां प्रभावित हो गई हैं। जिन जगहों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित हो गई हैं, वहां भी श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रशासन को जानकारी ही नहीं, अब जांच और कार्रवाई की बात

# 5 साल से प्रो. खेड़ा की प्रतिमा का अनावरण नहीं, अब किसी ने खंडित कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोरमी ब्लाक के लमनी क्षेत्र में जहां प्रोफेसर पीडी खेड़ा की प्रतिमा लगाई गई थी, उसे अज्ञात तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस बारे में प्रशासन के पास भी कोई जानकारी नहीं है। लोरमी एसडीएम अजय कुमार शतरंज ने मौके पर पहुंचकर जांच कराने और प्रतिमा को ठीक कराने की बात कही है। सबसे खास बात है कि सितंबर 2020 में लगी इस प्रतिमा का अनावरण आज तक नहीं किया गया है। कपड़े में ढंकी इस प्रतिमा का कवर कुछ दिन पहले अज्ञात लोगों ने निकाल दिया था और अब इसे क्षतिग्रस्त किया गया है।

ध्यान रहे कि लमनी में जहां पर प्रोफेसर खेड़ा का खूबसूरत आशियाना हुआ करता था वहीं पर ही उसकी मूर्ति स्थापित की गई है। इसकी भी नाक किसी ने तोड़ दी है। जहां मूर्ति लगी है उसके ठीक सामने लमनी का वन जांच नाका है भी है जहां चौबीसों घंटे वन कर्मियों की तैनाती रहती है। इसके बाद भी किसी का ध्यान इस तरफ नहीं जाना लापरवाही ही मानी जाएगी। प्रोफेसर पीडी खेड़ा की मूर्ति को खंडित कर दिए जाते की सूचना पुलिस और वन विभाग के अफसरों को स्थानीय निवासियों ने दी। इसके बाद अब सक्रियता दिखाने की बात कही जा रही है।




### अनावरण पर किसी ने ध्यान नहीं दिया

ज्ञात हो कि सन 1928 में प्रो खेड़ा का जन्म लाहौर में हुआ। देश के बंटवारे के वक्त वह पाकिस्तान से भारत आए थे। दिल्ली में रहकर पढ़ाई कि बाद में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने। एनसीआरटीई में भी उन्होंने काम किया। वर्ष 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग के छात्रों के एक दल को लेकर अचानकमार के घने जंगलों में बैगा आदिवासियों पर अध्ययन करने आए थे और यहीं के होकर रह गए। यहां आदिवासियों की हालत देखकर यहीं रूकने का मन बनाया। साथ आए छात्रों को एक सप्ताह की छुट्टी की अर्जी देकर लौटा दिया। कुछ समय बाद प्रो खेड़ा ने खुद को इन्हीं जंगलों के नाम कर दिया। अपनी पेंशन के पैसों से यहां उन्होंने स्कूल भी बनवाया यहां खुद वह बच्चों को पढ़ाते थे। 23 सितंबर 2019 को उनकी मौत अपोलो अस्पताल में हुई थी। इसके अगले साल यहां प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अनावरण के लिए कई बार कोशिश की गई लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया।

### लमनी गांव में कुटिया बनाकर रहते थे

लमनी गांव में वह कुटिया बनाकर रहते थे। ध्यान रहे कि ग्राम लमनी में उन्होंने विशेष आदिवासी जनजाति बैगा लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक स्तर को बढ़ाने का काम किया। प्रो. खेड़ा ने बिलासपुर जिले में अचानकमार सेंचुरी एरिया के घने जंगलों में जिंदगी बिताई। यहां के लमनी गांव में वह कुटिया बनाकर रहते थे। 1995 से प्राथमिक शाला शुरू की और इसी के साथ उन्होंने आदिवासियों के दिल में जगह बनाई। स्कूल में वो खुद पढ़ाने का काम करते थे और पढ़े लिखे युवाओं को भी मौका देते थे। वो अपने पेंशन की पूरी रकम 1992 से बैगा आदिवासियों के कल्याण के लिए मरते दम तक करते रहे। बैगा आदिवासियों के बच्चों की बढ़ती संख्या उच्च अध्यापन में मान्यता की तकनीकी आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने 2014 में अभ्यारण्य शिक्षण समिति का गठन किया और स्कूल को ग्राम शिवतराई में आदिमजाति कल्याण विभाग की संचालित शाला से संबद्ध करा दिया।

# जोन के खाते में आए 64 करोड़ रेलकर्मियों को 17951 रुपए बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशहरा और दीपावली से पहले केन्द्र सरकार ने रेलवे के नॉन गैजेट कर्मचारियों को बोनस की सौगात दी है, जिसमें कर्मचारियों को 78 दिनों का प्रोडक्टिविटी बोनस यानि 17 हजार 951 रुपए दिए जाने की घोषणा कर दी गई है। केन्द्र की घोषणा के बाद बिलासपुर जोन के करीब 36 हजार से अधिक कर्मचारियों के खाते में 64 करोड़ 62 लाख रुपए से अधिक राशि जमा हो जाएगी। इसमें बिलासपुर रेल मंडल के 15 हजार रेल कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें बोनस की राशि 26 करोड़ 92 लाख रुपए खाते में आएगी।

पिछले वित्तीय वर्ष में सेन्ट्रल ने रेल कर्मचारियों को 7 हजार रुपए सिलिंग के अनुसार 17 हजार 951 रुपए बोनस दिया था। इस वर्ष रेल कर्मचारियों के बोनस में वृद्धि की संभावना जताई जा रही थी, ताकि दूसरे विभाग की तरह उनका भी दशहरा व दीपावली पर्व अच्छी तरह से मनाया जा सके। रेल कर्मचारी यूनियन ने प्रधानमंत्री के साथ रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड को बोनस की राशि छठवें वेतनमान के बजाय सातवें वेतनमान के अनुसार दिए जाने मांग की थी। यूनियन की मांग को वित्त मंत्रालय में भेज दिया गया था, लेकिन बुधवार को रेल कर्मचारियों के उम्मीदों पर पानी फिर गया। कैबिनेट की बैठक में रेलवे कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 78 दिनों के बराबर बोनस देने को मंजूरी दी गई। 78 दिनों के वेतन के बराबर प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस का भुगतान नॉन-गजेट रेलवे कर्मचारियों देने का फैसला लिया गया।



### तीनों डिवीजन में 36 हजार रेल कर्मचारी

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में ग्रुप सी व ग्रुप डी मिलाकर करीब 36 हजार रेल कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को 7 हजार रुपए सिलिंग के अनुसार 78 दिन के 17951 रुपए मिलाकर 64 करोड़ 62 लाख 36 हजार रुपए बोनस दिए जाएंगे। वहीं बिलासपुर डिवीजन में 15 हजार कर्मचारियों में बोनस के 26 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपए एक दो दिन के अंतराल में खाते में जमा कर दिए जाएंगे।

सरकार के इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट्स, ट्रेन मैनेजर्स गाड्र्स, स्टेशन मास्टर्स, सुपरवाइजर्स, टेक्निशियन, टेक्निशियल हेल्पर्स, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टॉफ व ग्रुप सी एवं डी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा, जिसमें रेल अफसरों के साथ आरपीएफ और आरपीएसएफ पर्सवल के अधिकारी व कर्मचारी शामिल नहीं रहेंगे। रेल अफसरों के अनुसार 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन शानदार रहा था। रेलवे ने रिकार्ड 1614.90 मिलियन टन की माल ढुलाई की, जबकि 7.3 अरब रेल यात्रियों ने सफर किया।



मारपीट में हथियार के तौर पर किया जा रहा उपयोग

# चेकिंग में 100 से अधिक कड़े जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर युवकों की जांच कर मारपीट में हथियार के तौर पर उपयोग किए जाने वाले 100 से अधिक कड़ों की जब्ती की है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बल के साथ 23 सितंबर को दुर्गा प्रतिमा झांकी निकलने के दौरान विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान युवकों की जांच कर हाथ में पहने कड़े को निकलवाकर उनकी जब्ती की गई। एक दिन में पुलिस ने 100 से अधिक युवकों के हाथ से कड़ा निकलवाकर जब्त किया है। ज्ञात हो कि विवाद होने पर मारपीट के दौरान युवकों के द्वारा हथियार के तौर पर कड़ा का उपयोग किया जाता है। झांकी में होने वाले विवाद को देखते हुए पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर कड़ा जब्ती की कार्रवाई की है। आयोजकों को भीड़ में किसी भी प्रकार के हथियारनुमा वस्त्र, आभूषण पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने आमजन से पर्व त्यौहार के दौरान शांति सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने व किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।







## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 21 तक किया जा रहा पंजीयन

**मुंगेली।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मुंगेली में सत्र अगस्त 2025 में पांचवे एवं छठवें चरण अंतर्गत विभिन्न कोर्स में प्रवेश हेतु 21 सितम्बर तक पंजीयन किया जा सकता है, इनमें एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय कोर्सों कोपा, विद्युतकार, फिटर एवं स्टोनो हिन्दी आदि के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पथरिया में सत्र 2025-26 एवं 2025-2027 में एनसीवीटी ट्रेड इलेक्ट्रिशियन व फिटर, कोपा तथा वेल्डर में प्रवेश हेतु 21 सितम्बर तक पंजीयन किया जा सकता है।

### अरपा उद्गम स्थल विकास के लिए राशि स्वीकृत

**गौरेला।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की मांग पर जिला जीपीएम में अरपा उद्गम स्थल विकास परियोजना हेतु पुनरीक्षित राशि की स्वीकृति प्रदान की है। ज्ञात हो कि, अरपा उद्गम स्थल विकास परियोजना हेतु 12.53 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। पूर्व में 7.88 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसे बढ़ा कर वर्तमान में वित्त विभाग ने 12.53 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की है। राशि स्वीकृत होने पर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता एवं निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में 141 आमजनों ने विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## नवरात्रि पर महामाया देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धा-भक्ति...







### लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर में नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर महामाया देवी से आशीर्वाद ले रहे हैं और मनोकामना पूर्ति की कामना कर रहे हैं। ज्योति कलश के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर दूर से पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रतनपुर-बिलासपुर मुख्यमार्ग पर स्थित महामाया गेट के पास से ही चार पहिया व दो पहिया वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन व पुलिस चुस्त दुरुस्त है। बसों में भी भीड़ गई है। मंदिर में इस बार छत्तीसगढ़ समेत देश विदेश से श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए हैं। महामाया मंदिर परिसर स्थित दुकानों में भी लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

## महाकाली का भव्य आगमन श्रद्धा और उत्साह में डूबा क्षेत्र



**पेंड्रा।** जगत जननी महाकाली शीतला सेवा समिति पेंड्रा की ओर से मंगलवार को मां काली की भव्य आगमन शोभायात्रा निकाली गई। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध झंकार धुमाल, एलोन डीजे, आकर्षक लाइटिंग, गंगा आरती और शानदार आतिशबाजी शोभायात्रा के विशेष आकर्षण रहे।

गौरेला से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जब पेंड्रा के महारानी पंडाल पहुंची, तो पूरा शहर जयकारों से गूंज उठा। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मार्ग पर जगह-जगह मां काली के भक्तों ने स्वागत किया। पूरा नगर आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा और भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि, इस वर्ष आयोजन के शानदार 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष रूप से भव्य पंडाल सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस दौरान नगर भर में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पंडाल में विराजित महाकाली के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर रात तक पहुंचते रहे, और समिति ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर



**मुंगेली।** आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ अर्चना जांगड़े ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय चिकित्सकों के अलावा निजी चिकित्सालय में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दी। साथ ही जिले के अलावा जिले के बाहर बिलासपुर और रायपुर से आये विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देते रहे। मां कर्मा हॉस्पिटल के स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना जांगड़े ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने चिकित्सकों की सेवाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## डिप्टी सीएम साव ने की 7 गांवों में 84 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं डिप्टी सीएम अरुण साव ने नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। श्री साव ने ग्राम ढोलगी, नवाडीह, रहंगी, परसवारा, भारतपुर, चेचानडीह व मोहबन्धा में 84 लाख के निर्माण कार्यों की घोषणा की।

अरुण साव ने कहा कि, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक-एक गारंटी पूरी कर रहे हैं। परसवारा गांव में 102 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण चल रहा है। उन्होंने जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनीं और मौके पर समाधान किया। शेष आवेदनों के लिए निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 7 गांवों में विकास कार्यों के लिए 84 लाख रुपयों की स्वीकृति दी। कार्यक्रम में वर्षा विक्रम सिंह, रत्ना काठले, समुंद सिंदराम, विनय साहू, सुजीत वर्मा, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, विनय सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, दिनेश साहू, महाजन जायसवाल, घंशु राजपूत, नरोत्तम राजपूत, नरेंद्र खत्री, तामेश्वर साहू, घनश्याम यादव, आलोक शिवहरे एवं गांव के सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

## सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार



**सेतगंगा-मुंगेली।** 'ऑपरेशन बॉज' के तहत पुलिस को ग्राम दामापुर में हुई चोरी के 4 आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है।

फास्टरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दामापुर निवासी तिला बाई महिलांग पति लाभोराम उम्र 65 वर्ष ने 21 सितम्बर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वह अपने मायके ग्राम गोरखपुर में थी, इसी दौरान 17 सितम्बर को ग्राम कोटवार ने फोन पर सूचना दी कि उसके घर के छत के ऊपर लगा लोहे का दरवाजा खुला हुआ है। उक्त सूचना पर तिला बाई 21 सितम्बर को अपने भतीजे के साथ अपने घर दामापुर पहुंची तो उसके घर के पीछे का दरवाजा खुला हुआ मिला, साथ ही घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। बारीकी से देखने पर उसने पाया कि, घर में रखी दो कट्टी राहर दाल, तीन कट्टी तिवरा, चना व अन्य सामान मिलाकर कुल 18 हजार 800 रूपए का सामान चोरी हो चुका था। शिकायत पर फास्टरपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस की टीम चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि, गांव के ही लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के ही ज्वाला प्रसाद महिलांग, मनहरण डहरिया, अनिल महिलांग, झगरू चतुर्वेदी को हिरासत मे लेकर पूछताछ की, जिसमें चारों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 16-17 सितम्बर की मध्य रात्रि वे ऊपर का दरवाजा को मोड़कर घर अंदर घुसे और 1 कट्टी राहर, 2 कट्टी तिवरा, 1 कट्टी गेंहू, 1 पुरानी इंडेक्शन, टूटी टीवी, 1 टुलू पंप सहित लगभग 18 हजार 800 रुपए के सामान की चोरी की। चोरों ने चोरी का सामान आरोपी अनिल के घर में छिपा कर रखने की बात कही। चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने गवाहों के समक्ष चोरी का सामान बरामद कर लिया।मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी झगरू चतुर्वेदी पिता शोभाराम चतुर्वेदी उम्र 36 वर्ष, ज्वाला प्रसाद महिलांग पिता स्व भुरूवा उम्र 45 वर्ष, मनहरण डहरिया पिता शिव डहरिया उम्र 32 वर्ष, अनिल कुमार महिलांग पिता दूजे उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


मां महामाया दुर्गा समिति बंधवापारा।


जय दुर्गा समिति मातचौरा।


मां दुर्गा गणेश नगर चुचुहियापारा।


दुर्गा उत्सव समिति बंधवापारा।


ओम दुर्गा उत्सव समिति।


बिजली आफिस के पास विराजी आदिशक्ति।


शिव दुर्गा उत्सव समिति इमलीभाटा।


महाकलेश्वर दुर्गा उत्सव समिति।


ज्वाली पुल के पास दुर्गा मंदिर में विराजी माता।


दयालबंद दुर्गा समिति।

# नवरात्रि पर गरबा की धूम, महिलाएं कर रही रास डांडिया

बिलासपुर। नवरात्रि पर्व पर शहर के कई महिला व सामाजिक संगठनों द्वारा रास डांडिया का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में महिलाएं, युवतियां व बच्चे पारंपरिक वेश में भाग लेकर जमकर इंजॉय कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आयोजकों की ओर से पुरस्कार भी दिया जा रहा है। गरबा को लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह है।

## छत्तीसगढ़ी गानों पर महिलाओं ने किया गरबा

### मित्र मंडल नेहरू नगर का आयोजन






मित्र मंडल नेहरू नगर ने एक निजी होटल में गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छत्तीसगढी संस्कृति को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ी गानों पर गरबा किया गया। आयोजन का यह ग्यारहवां वर्ष रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मातारानी की आरती एवं जयकारे के साथ किया गया। शुभारंभ सांग पर शुभांगी गुप्ता, प्रीति हांडे, स्मिता शुक्ला ने डांस किया। पारंपरिक जसगीत-झुपत झुपत आबे दाई मोर अंगना वो..में सभी ने गरबा किया। गीत-हमर पारा तुम्हरपारा..की धुन पर अर्चना मिरी, रुक्मणि जोगी, मुन्नी बांधी, अरुणा गुप्ता, मोंगरा ओगरे, सरोज भार्गव एवं गीत-मइया यशोदा ये तेरा कन्हैया..पर शशि धृतलहरे और करूणा मिरी ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आम्रपाली सोमावार, संगीता अनेवार, गायत्री आदिले का सहयोग रहा। कार्यक्रम में संयोजिका शुभांगी गुप्ता, अश्विन राय, रमशीला जनार्दन, विजयलक्ष्मी, मणि बंजारा, विद्या सूर्यवंशी उपस्थित थीं।

## साउथ इंडियन थीम पर किया गरबा



### नवयुवती वर्ग में लवी, महिला वर्ग में श्रद्धा को मिला पहला पुरस्कार

श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित रास गरबा महोत्सव के दूसरे दिन साउथ इंडियन थीम में गरबा किया गया। आज के गरबा का आयोजन महिला मण्डल की अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साउथ इंडियन थीम में नवयुवती वर्ग का कम्पीटिशन रखा गया। जिसकी विजेता लवि गुप्ता रही। द्वितीय संस्कृति गुप्ता और तृतीय इनाम आस्था गुप्ता को मिला। महिला वर्ग ने भी मल्टीकलर के लहंगे में गरबा की धुन में जमकर थिरकीं। जिसमें प्रथम श्रद्धा गुप्ता, द्वितीय भारती गुप्ता और तृतीय प्रियंका गुप्ता रही। बालक-बालिकाओं ने राधा- कृष्ण के ड्रेसअप में डाडियां किया। बालक वर्ग में प्रथम हर्ष गुप्ता, द्वितीय अभिनय गुप्ता, तृतीय वतशल्य गुप्ता, बालिका वर्ग में प्रथम परी गुप्ता, द्वितीय मौली गुप्ता और तृतीय स्थान पर रही शुभांशी गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। ग्रुप डांस और मेगा डांडिया भी हुआ। जिसमें शारदा, सुषमा, प्रेरणा, स्नेहा, श्रद्धा और रुपाली को इनाम दिया गया। इन सभी प्रतियोगिता का जजमेंट पूर्वाध्यक्षों ने किया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजन शामिल हुए।

### कान्य कुब्ज महिला समिति का रास गरबा 27 को

कान्य कुब्ज समिति महिला प्रकोष्ठ की देवी आराधना रास गरबा का आयोजन शनिवार 27 सितंबर को ईस्ट पार्क में शाम सात बजे किया गया है। समिति की ओर से माता रानी की इस आराधना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह समिति की सदस्यों से किया गया है।

## अमृत उत्सव में रामलीला मंचन के साथ ही जीवंत हो रही भारतीय संस्कृति

### आरती में शामिल हुए वी रामाराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हिंदुस्तानी सेवा समाज द्वारा आयोजित श्री रामलीला एवं दशहरा उत्सव समिति इस वर्ष अपने 75वें अमृत उत्सव का भव्य आयोजन कर रहा है। इस दौरान हुई आरती में पूर्व पार्षद वी रामाराव शामिल हुए और कहा कि उत्सव में रामलीला मंचन के साथ भारतीय संस्कृति जीवंत हो रही है।

रामलीला भवन रेल्वे में इस बार भी 11 दिवसीय रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा को रंगमंच पर सजीव रूप देने महंत राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में कुल 18 कलाकार इस मंचन में भाग ले रहे हैं। इस दौरान हुई आरती में विशेष अतिथि के रूप में वी. रामाराव पूर्व पार्षद ने भाग लिया और कहा कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र और रामलीला का प्रत्येक पात्र हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें उनसे सीख लेकर उनके आदर्श को जीवन में अंगीकार करना चाहिए। वे कानपुर के कलाकारों के अभिनय से बेहद प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बिलासपुर के सबसे प्राचीन आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। यहां उस क्षण को भी याद किया गया जब 2012 में रामलीला के मंचन और दशहरा उत्सव पर संकट के बादल गहरा रहे थे। उस समय भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते वी रामाराव ने मध्यस्थता कर आयोजन समिति को इस संकट से उबारा था। 75 वर्षों से निरंतर चल रही यह रामलीला बिलासपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बन चुकी है। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए भारतीय परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने का प्रेरणास्रोत भी बन रहा है।

इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हिम्मत सिंह भदौरिया, सचिव आर.के. मिश्रा, संयुक्त सचिव नवीन कुमार, कैलाश चंद, पी.के. नागेश, पी.के. यादव, एम.के. झा, स्वरूप और हर्षवर्धन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## कवियों ने पेश की स्व-रचित कविताएं

**वसुंधरा संस्था ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन**

बिलासपुर। हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपने योगदान की भूमिका का निर्वहन करते हुए लायंस क्लब वसुंधरा ने कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक परिचर्चा आयोजित की। इसमें कवियों ने अपनी स्व-रचित कविताएं पेश की। आयोजक एमजे एफ डॉ रश्मि लता मिश्रा, डिसट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ शोभा त्रिपाठी रहीं।

कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ विनय पाठक थे। अध्यक्षता डॉ बृजेश सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ गिरधारी लाल शर्मा, शशि सुरेंद्र दुबे, पूर्व गवर्नर दिलीप भंडारी व पाल बाली, सुनील दत्त मिश्रा, रीजन चेयरपर्सन बुलुस महेश कुमार थे। आमंत्रित स्वरों में सुषमा पाठक, संगीता बनाफर, मनीषा भट्ट, धनेश्वरी, रेनू बाजपेई, विजय तिवारी, अमृतलाल पाठक, अशर्फीलाल सोनी, राजेश सोनार, ओम प्रकाश भट्ट, बाल मुकुंद श्रीवास थे। जिन्होंने हिंदी साहित्य एवं मातृभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर क्लब सचिव अर्चना तिवारी माइक्रो चेयरपर्सन शेफाली सिंह, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, हंसा सेलारका, संजना मिश्रा, मीनू दुबे, चांदनी सक्सेना, अनिता दीवान, सीता तिवारी, अरविंद वर्मा, रमण, निशेष वर्मा, वामन चंद्र, मंजूला शिंदे की उपस्थिति रही।

**कार्नर न्यूज**

### अटल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री वर्मा

## उद्यमिता ही रोजगार सृजन के साथ ला सकती है सामाजिक समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे कर रहा है। इसी अवसर पर विकसित भारत अभियान की प्रेरणा के साथ अटल यूनिवर्सिटी एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में विकसित छत्तीसगढ़ के लिए उद्यमिता विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए और सभी वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा, आत्मनिर्भता, उद्यमिता तथा युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखें।

यह राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रदेश की युवा पीढ़ी को उद्यमिता, आत्मनिर्भता और नवाचार की दिशा में प्रेरित करने का एक सशक्त मंच सिद्ध होगी। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उद्यमिता के विविध आयामों पर विचार करना है बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराएं, संसाधन और मानवीय पूंजी किस प्रकार राज्य के सतत और समावेशी विकास में योगदान दे सकती है। संगोष्ठी में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने विशेष रूप से स्टार्ट अप द्वारा संस्कृति और नवाचार को बढ़ावा देने की रणनीतियों को सामने रखा, जिनमें ग्रामीण एवं जनजातीय अंचलों में उद्यमिता की संभावनाएं, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भता, स्वदेशी दृष्टिकोण और सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक विकास से जोड़ने की पहल आदि शामिल हैं। यह संगोष्ठी शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, समाज शास्त्रियों, उद्यमियों तथा विद्यार्थियों के लिए एक साझा मंच होगी, जहां से छत्तीसगढ़ की आने वाली विकास यात्रा की रूपरेखा और भी स्पष्ट होगी। संगोष्ठी से प्राप्त निष्कर्ष न केवल अकादमिक विमर्श को नई दिशा देंगे, बल्कि प्रदेश सरकार की नीतियों, विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों और युवाओं के उद्यमशील प्रयासों को भी सुदृढ़ आधार प्रदान करेंगे। छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव को सार्थक बनाते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को वास्तविकता के और निकट ले जाने का प्रयास है। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने आज स्वदेशी भावनाओं को कुचले जाने के लिए किए जा रहे षड़यंत्रों को कुचलते हुए युवाओं को उद्यमिता के लिए अपने हृदय पटल में स्थान संरक्षित करने में जोर दिया। आज जब छत्तीसगढ़ अपनी विकास यात्रा के नए पड़ाव पर खड़ा है तब उद्यमिता ही वह शक्ति है जो युवाओं को रोजगार सृजन, तकनीकी नवाचार और सामाजिक समृद्धि की दिशा में अग्रसर कर सकती है। विशिष्ट अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, शिक्षा संस्कृति उद्यम प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारास्वत एवं मोहित जायसवाल, यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तारणीश गौतम, स्वदेशी जागरण मंच के अरूणा दीक्षित सहित डॉ. तरूणधर दीवान, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. गौरव साहू, डॉ. हामिद अब्दुल्ला, डॉ. एचएस होता, केशव कैवर्त्य, आस्था विठ्ठलकर, लीना लकड़ा, आकृति सिंह समेत शोधार्थी, विद्यार्थी शामिल रहे।

## निधन

### बलवंत सिंह



**बिलासपुर।** सृष्टि समृद्धि कॉलोनी रायपुर रोड निवासी बलवंत सिंह का स्वर्गवास 24 सितंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 25 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से हाईकोर्ट के पीछे स्वर्गधाम को जाएगी। वे वीरभद्र सिंह और हेमंत नारायण सिंह के पिता थे।

### मिल्टन लाल



**बिलासपुर।** ग्रीन पार्क जरहाभाठा निवासी व रिटायर्ड रेल कर्मी मिल्टन लाल का 24 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 सितंबर दोपहर 2.30 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे सविता लाल के पति, अनीश व मनीष लाल के पिता, न्यूटन लाल, विल्सन लाल के भाई थे।

### शशि वर्मा



**बिलासपुर।** हरदेव लाल मंदिर गोलबाजार निवासी शशि वर्मा पति स्व. हरीश चंद्र वर्मा का निधन 23 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया।

### पी आर साहू



**बिलासपुर।** सोनगंगा कॉलोनी सीपत रोड निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर पी आर साहू का निधन 24 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 सितंबर गुरुवार सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दीपक साहू, प्रभात साहू, प्रदीप साहू व डॉ संदीप साहू के पिता थे।

### भागवत प्रसाद पटेल



**मुंगेली।** ग्राम सुरदा निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भागवत प्रसाद पटेल का 74 वर्ष की उम्र में 23 सितम्बर को निधन हो गया। वे लोकेश, विनय के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुरदा में किया गया।

### शोभा सिंह क्षत्री



**तखतपुर।** वार्ड 2 कैलाश नगर निवासी शोभा सिंह क्षत्री का 40 वर्ष की आयु में 24 सितम्बर को निधन हो गया। वे कैलाश सिंह क्षत्री की पत्नि थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### विनय अग्रवाल



**तखतपुर।** ग्राम भीमपुरी निवासी विनय अग्रवाल का 30 वर्ष की आयु में 24 सितम्बर को निधन हो गया। वे कमल नारायण अग्रवाल के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भीमपुरी में किया गया।

## काऊ कैचर होने के बावजूद निगम प्रशासन असफल

# सड़क पर मवेशियों के जमावड़े, रोज हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

शहर में इन दिनों मवेशियों का आतंक चरम पर है। मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। सड़कों पर मवेशी न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि इनकी वजह से आए दिन राहगीर गंभीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे लोगों की मौत भी हो रही है।

■ बंद स्ट्रीट लाइट भी बन रही दुर्घटना का मुख्य कारण

बावजूद इसके नगर निगम प्रशासन कोई ठोस कदम उठाने के बजाए महज औपचारिकता निभाने का काम कर रहा है। उच्च न्यायालय के कड़े निर्देशों के बावजूद नगर निगम प्रशासन सड़क से मवेशी हटाने को लेकर गंभीर नहीं नजर आ रहा है। नगर निगम के सकरी जोन में मवेशी पकड़ने काऊ कैचर सहित अमले की मौजूदगी के बाद भी कोई प्रभावी कारवाई नहीं हो रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि, निगम इस मामले को लेकर कितना संजीदा है।
अंधेरे में दिखाई नहीं पड़ते मवेशी-
यूं तो बिलासपुर-मुंगेली मुख्यमार्ग पर उसलापुर ओवरब्रिज से लेकर कोटा तिराहे तक सड़क के बीच डिवाइडर में स्ट्रीट लाइट लगी हुई है, लेकिन सिर्फ सकरी कॉलेज के पास से बाईपास चौक तक की ही स्ट्रीट लाइट जलती है। बायपास से कोटा तिराहे तक एवं कालेज से नारायण मंगलम तक स्ट्रीट लाइट रात में बंद रहती है। सड़क पर अंधेरा होने के कारण सायकल, दुपहिया एवं फोर व्हीलर चालक डिवाइडर के किनारे बैठे मवेशियों को देख नहीं पाते एवं दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो रहे हैं।



### निगम, न पुलिसिया कार्रवाई का डर

शहर में कई ऐसे मवेशी मालिक हैं, जो अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। निगम की ओर से कोई सख्त कार्रवाई न होने के कारण इन मालिकों में प्रशासन का जरा भी डर नहीं रह गया है। चूंकि निगम प्रशासन पशुओं के मालिकों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराता, इसलिए मवेशी मालिकों में न तो निगम का भय नजर आता, न ही पुलिसिया कार्रवाई का खौफ। थाने में आवेदन नहीं करने के पीछे निगम अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि, सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों की पहचान नहीं हो पा रही है। इसी कारण उनके खिलाफ मामला दर्ज नहीं करा पा रहे हैं।

### जनता में आक्रोश

स्थानीय नागरिकों में इस समस्या को लेकर भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि, मवेशियों की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते हैं। कई बार दुकानों का सामान भी बर्बाद हो जाता है। वहीं, दुपहिया चालकों के लिए तो मवेशी एक स्थाई खतरा बन गए हैं।

### प्रशासन से मांग

नगरवासियों ने मांग की है कि, निगम प्रशासन जल्द से जल्द सख्त कदम उठाए। मवेशी मालिकों पर जुर्माना लगाया जाए, काऊ कैचर को सक्रिय किया जाए और नियमित रूप से सड़कों से मवेशी हटाए जाएं। साथ ही शहर के बाहर गौशालाएं बनाकर इन मवेशियों को वहां स्थानांतरित किया जाए।

### मालिकों की पहचान नहीं

समय-समय पर मामले पर कारवाई करते हुए सड़क पर बैठे मवेशियों को मोपका गौठान में भेजा जाता है। लोगों को भी इसके लिए जागरूक हो कर सड़क से मवेशी हटाने स्वस्फूर्त कार्य करना चाहिए। हमने पशु चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर मवेशियों की टैगिंग की थी, लेकिन टैगिंग वाले मवेशी सड़क पर नहीं बैठते, बल्कि बाहर से आकर बैठते हैं। इसके कारण उनके मालिकों की पहचान नहीं हो पाती, और पहचान के आभाव में उन पर पुलिसिया करवाई भी हम नहीं करा पा रहे हैं। सड़क की बंद स्ट्रीट लाइट के लिए हमने संबंधित विभाग को जानकारी दे दी है, जल्द ही इसमें सुधार करवाने की बात कही जा रही है।

- रंजना अग्रवाल,
जोन कमिश्नर सकरी

## सीएम ने महतारी सदन का किया वर्चुअल लोकार्पण



**लगरा।** ग्राम पंचायत लगरा में 24 लाख 70 हजार की लागत से निर्मित महतारी सदन का मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच जहुरा बिरजे ने कहा कि, राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में मताओं-बहनों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं एवं महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इस अवसर पर उपसरपंच संतोषी श्रीवास, समस्त पंच, समस्त मितानिन, सचिव दिलेश्वर मंजारे, रोजगार सहायक लक्ष्मण प्रसाद साहू, संतोष यादव, शत्रुघ्न साहू, कृष्णा कुमार यादव, गीता यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मंत्री अग्रवाल को दिया गया जीपीएम दौरे का निमंत्रण



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं जीपीएम जिले के प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल को जिले के औपचारिक दौरे के लिए निमंत्रण दिया गया। यह निमंत्रण राजेश अग्रवाल के अंबिकापुर स्थित निवास पर मुलाकात के दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, नगर पालिका पार्षद मनीष श्रीवास, पूर्व मंडल महामंत्री अरुण तिवारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता लखन वकरे पेंड्रा उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री श्री अग्रवाल को क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं, जनता की समस्याओं और संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत कराते हुए उनके दौरे को स्थानीय जनहितकारी कार्यों के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए, आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही जीपीएम का दौरा करेंगे और आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाएंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि, प्रभारी मंत्री का यह दौरा संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ जिले के विकास कार्यों को भी नई गति प्रदान करेगा।



## धूमधाम से मनाया गया अग्रसेन जयंती समारोह

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में अग्रवाल समाज के सहयोग से अग्रसेन जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव मनोज मंगल, अग्रसेन जयंती समारोह समिति के प्रमुख मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बलदेव अग्रवाल,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सतीश शर्मा , अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष उमा केडिया, सचिव नीतू अग्रवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश मंगल अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष शिव अग्रवाल एवं समाज के गणमान्य नागरिक तथा महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने अपने कहा कि अग्रसेन महराज के सिद्धांत आज भी सामाजिक समरसता और सहयोग की प्रेरणा देते हैं। राजेश अग्रवाल ने समाज के सभी वर्गों को संगठित होकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सतीश शर्मा ने जनभागीदारी की भूमिका पर बल देते हुए महाविद्यालय और समाज के बीच बेहतर सामंजस्य की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में मेंहदी, थाल सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता भी हुईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने महाराजा अग्रसेन महाराज के जीवन और विचारों को अपने कला के माध्यम से निरूपित किया।,

## स्वास्थ्य शिविर में 232 हितग्राहियों ने लिया लाभ

**सीपत।** जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीपत में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं समेत ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच व उपचार किया।

इस दौरान 232 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सिकलिंग, गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच, एनीमिया, टीबी, कुष्ठ, बीपी, शुगर, कैंसर, एचआईवी सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। साथ ही किशोरी बालिकाओं को मेन्सट्रुअल हाइजीन पर काउंसलिंग दी गई तथा आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड भी बनाए गए। जांच के बाद दवाइयां वितरित कर गंभीर रोगियों को उच्च संस्थानों हेतु रिफर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, भास्कर पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, मन्नू सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, शिव साहू, मदनलाल पाटनवार समेत अन्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा कि, स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की पहचान है। आज के शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, यह हमारे लिए खुशी की बात है।

शासन की योजना का सीधा लाभ गांव-गांव तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक ने कहा कि, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं आज हर द्वार तक पहुंच रही हैं। इस शिविर से साबित होता है कि सरकार आमजन के स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह गंभीर है। मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव ने कहा कि सीपत जैसे ग्रामीण अंचल में ऐसे वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वास्तव में सराहनीय पहल है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभा गढ़ेवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक संतोष महिलांगे, प्रभारी डॉ आकांक्षा दूबे, आयुष चिकित्सक डॉ अर्चना सिंह, सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ मानसी महिलांगे सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन और ग्रामीण चिकित्सा सहायकों ने अपनी सेवाएं दीं। ग्राम व क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



शिविर में उपस्थित अतिथि व जांच करते डॉक्टर।

## सीपत आगमन पर पर्वतारोही निशा का किया गया सम्मान



**सीपत।** बिलासपुर की बेटी और अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव आज पूरे प्रदेश का गौरव बन चुकी हैं। साधारण परिवार में जन्मी और ऑटो चालक श्याम कार्तिक यादव की पुत्री निशा ने अपने हौसले और जज्बे से उन ऊंचाइयों तक पहुंच गईं, जिनकी कल्पना करना भी आसान नहीं है। छग व्यापार जागृति मिशन संघ के अध्यक्ष मेलाराम साहू के विशेष निवेदन पर मंगलवार को सीपत पहुंची अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव का मेलाराम साहू ने अपने पूरे परिवार के साथ पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मेलाराम ने कहा कि, निशा जैसी बेटियां ही हमारे समाज की सच्ची धरोहर हैं। ऑटो चालक की बेटी होते हुए भी उन्होंने अपने जज्बे और परिश्रम से देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा किया है। अब मैं वचन देता हूं कि निशा के इस बार के अभियान का खर्च मैं स्वयं उठाऊंगा। यह सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस होनहार बेटी के सपनों को पंख दें।

## प्रमोद बने मोपका केंद्र के अध्यक्ष



**लगरा।** केंद्र के पदाधिकारी का निर्वाचन बुधवार को सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें प्रमोद कुमार साहू को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष छतलाल साहू, उपाध्यक्ष महिला विनीता साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव रामगोपाल साहू, संगठन सचिव विजय साहू, संगठन सचिव महिला सुशीला साहू, सह सचिव अजय साहू, संगठन सह सचिव शिव साहू, संरक्षण राजकुमार साहू, नारायण साहू एवं सदस्य के रूप में गणेश साहू, प्रताप साहू, नरोत्तम साहू, शिव साहू, संतोष साहू, जीवन साहू, राधा साहू सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री पप्पू साहू, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, जिला मीडिया प्रभारी दौलत साहू, जिला सह संगठन सचिव गणेश राम साहू, तहसील अध्यक्ष बच्चा राम साहू सहित बड़ी संख्या में नौ ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## उल्लास के साथ मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** सकरी स्थित उषा देवी मेमोरियल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया7 इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा स्वयंसेवकों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का विषय ₹राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगो रखा गया। एनएसएस का लोगो रथ के चक्र से प्रेरित है, जो सतत गति, सेवा और जागरूकता का प्रतीक है। स्वयंसेवकों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से एनएसएस के आदर्श वाक्य को अभिव्यक्त करते हुए समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता जैसे संदेशों को चित्रों में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का परिचय दिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की कलाकृतियों का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुलक्षणा वासनिक ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया तथा कार्यक्रम अधिकारी रीना ताम्रकार ने सभी प्रतिभागियों को एसएसएस की भावना के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सुमन,भारती,मधु,कीर्ति,प्रीति, माया, निखिल, प्रिंस, रूपेश आदि स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।




## 138 नग शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




**तखतपुर।** अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जूनापारा चौकी अंतर्गत ग्राम डोमनपुर मेन गेट के पास सफेद रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीवाय 2982 में सवार होकर दो युवक जा रहे थे। सूचना पर उक्त युवकों को रोक कर उनके कब्जे से 90 नग देशी मदिरा और 48 नग अंग्रेजी शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 59 क के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्थ शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर
(छ.ग.) मो.-9893977620

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**
क्रमांक/अति.तह./वा./ 2025
बिलासपुर दिनांक 15/09/25

एतद द्वारा अनावेदकगण 1. श्री भानुप्रताप पिता धनुषराम कश्यप 2. जानूप्रताप सिंह पिता धनुषराम कश्यप निवासी कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि ग्राम सरकंडा प.ह.नं.32 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1087/18, 1088/16 रकबा 450 वर्गफुट भूमि के लिए आवेदक श्री सगन पिता महेश निवासी सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 26/09/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 26/09/2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 15/09/25 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/अति.तह. /वा./2025
बिलासपुर दिनांक 24/09/25

ग्राम खमतराई प.ह.न. 25 के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 965/1, 965/2, 965/3, 965/4, 965/5, 961/2, 964/2 रकबा क्रमशः 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.1170, 0.275, 0.4780 हे. भूमि की रिकार्ड दुरुस्ती हेतु आवेदक गीतांजली इंफ्रा एण्ड इंजिनियरिंग सर्विसेस द्वारा भागीदार पी.आर. साहू पिता स्व. एम. आर. साहू निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 10/10/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 24/09/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 64/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

नवीन कुमार बिसेन
अधिवक्ता
आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.
मो. 9893977620

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुरेश श्रीवास पिता/पति श्री राम भजन श्रीवास निवासी हाफा तहसील सकरी जिला बिलासपुर के नाम से ग्राम हाफा प.ह.नं 44 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 1204/1 रकबा 1225 वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्रीमती भारती साहू पति श्री ताराचन्द्र साहू निवासी मोहरा तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।

दिनांक : 25/9/25
राममनोहर दुबे
अधिवक्ता/नोटरी स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827173623

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/अति.तह./वा. / 2025
बिलासपुर दिनांक 15/9/2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.न. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 949/8 रकबा 1150 वर्गफीट एकड़ भूमि की भूमि/ मय मकान बिक्री की अनुमति के लिए श्री बेमी बागे आ./पति निलाम्बर सिंह जाति मुण्डा निवासी द्वितीय रोड मानस फेब्रीकेशन रोड आश्रय परिसर सिरगिट्टी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 30/09/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 15/9/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अति. तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152






## खबर संक्षेप

### बंधुमंडल दुर्गोत्सव का आगमन आज

**बिलासपुर।** गोंड़पारा दर्जी मंदिर बंधु मंडल दुर्गोत्सव समिति का भव्य आगमन गुरूवार को होने जा रहा है। समिति द्वारा माता का आगमन का खास बनाने धुमाल और डीजे की धुन पर माता को लाया जाएगा। इसमें पंथी नृत्य, विशाल नदी पर शिव एवं पार्वती विराजमान, महाकाल की झांकी व नौ देवीयों का नृत्य सहित आकर्षक आतिशबाजी कर माता को पंडाल तक लाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष जानू केशरवानी ने बताया कि काली मां का नृत्य, अधोरी नृत्य और गौरिल्ला डांस आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

### राष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन में व्याख्यान देंगे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मढ़रिया



**बिलासपुर।** अंचल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक व आशीर्वाद लेजर फेंको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ एल. सी. मढ़रिया द्वारा अमृतसर में आयोजित नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में फेंको के एडवांस तकनीकी में व्याख्यान देंगे। नेत्र विशेषज्ञ का राष्ट्रीय मिड ईयर कॉन्फ्रेंस अमृतसर पंजाब में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित किया गया है इस सम्मेलन में भारत से व विदेशो से लगभग 2000 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत व विश्व में हो रहे अंधत्व के प्रमुख कारण मोतियाबिंद, काँचबिंद, डायबिटीस रेटिनोपैथी, बच्चों में मायोपिया आर,ओ,पी,व आंख के केसर के बचाव व इलाज के एडवांस तकनीकी के बारे में रिसर्च पेपर का पठन पाठन होगा। इस सम्मेलन में डॉ एल. सी. मढ़रिया मोतियाबिंद के ऑपरेशन की नई तकनीकी एडवांस फेंको के बारे में व्याख्यान देंगे और इस तकनीकी के बारे में बताएंगे उनके द्वारा डायबिटीज से हो रहे अंधत्व से बचने के उपाय व नई इलाज पेगानेक्स इंजेक्शन के बारे में बताएंगे। विदित होगी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मढ़रिया अब तक एक लाख पचास हजार नेत्रों का सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। यह सम्मेलन गुरु गोविंद साहब के पवित्र धरती अमृतसर में आयोजित किया गया है। इसका लाभ पूरे भारत व विदेश के नेत्र विशेषज्ञों को जो अंधत्व निवारण कार्यक्रम में मील का पत्थर साबित होगा।

### महामाया माता को चुंनरी अर्पित करेगा आदिवासी समाज



**बिलासपुर।** जिला सर्व आदिवासी समाज 23 सितंबर को सर्व आदिवासी समाज एवं गोंडवाना गोंड़ समाज रतनपुर इकाई की बैठक आयोजित की गई। युवा प्रदेश सचिव आयुष सिंह राज ने बताया कि जिला सर्व आदिवासी समाज बिलासपुर रतनपुर इकाई ने की रतनपुर में विराजित मां महामाया गोंडवाना कुल देवी की पूजा पद्धति जो पहले कभी गोंडवाना आदिवासी समाज की धरोहर है। अपनी सामाजिक प्रथा परम्परा को संजोने, धरोहर विरासत को पुनः स्थापित करने जिला सर्व आदिवासी समाज बिलासपुर के आह्वान पर रतनपुर इकाई गोंडवाना समाज सयुंक्त टीम नेतृत्व ने रतनपुर माँ महामाया में ध्वज पताका एवं चुनरी चढ़ाने पदयात्रा रैली निकालने का निर्णय लिया है। 28 सितंबर को षष्ठमी तिथि को पारम्परिक बाजे गाजे, वेशभूषा, आतिशबाजी के साथ रतनपुर बादल महल (जूना शहर) से पूजा अर्चना करके पद यात्रा रैली के रूप में माँ महामाया रतनपुर मातारानी को चुनरी चढ़ाने, अन्न अर्पण भोग लगाने आदिवासी ध्वज पताका के साथ निकलेगी। इस बैठक में सुभाष सिंह परते, युवराज सिंह प्रधान, मनोहर सिंह राज, पूर्व आई भरत सिंह, बालाराम आर्मो, नंदकिशोर राज, डॉ संतोष उद्देश्य, मनोज मरावी, धनसिंह पोर्ते, शिव नारायण चेचाम, राजेन्द्र जगत , राम चन्द्र धुर्व, परमेश्वर खुसरो, सहदेव उइके, भुवन मरावी, जय सिंह खुसरो, धन सिंह राजवाड़े, धुरवाराम ध्रुव, शालिग्राम मरकाम, सदाराम मरकाम, रमेश कुमार मरावी, हरनारायण सुमन, बी एस ध्रुव, रामचंद्र ध्रुव, देव सिंह मार्को, राजेंद्र पोर्ते, माखन लाल नेताम, धनसिंह आर्मो, सूरज मरकाम, राजेश नेताम, चरण सिंह राज अनिल ध्रुव बलराम पोर्ते, विजय ध्रुव आदि मौजूद थे।

### मध्य नगरी दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने चढ़ाई चुनरी



**बिलासपुर।** मध्य नगरी दुर्गा उत्सव समिति के भंडार आयोजन करने वाले सदस्यों ने आज माता रानी के मंदिर में जाकर चुनरी मीठा नारियल चढ़कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। अच्छे से भंडारे का आयोजन करने के लिए माता रानी का आशीर्वाद लिया। जिसमें भंडारा समिति के चुट्टू अवस्थी प्रमोद सिंह नीरज वर्मा पांडा महाराज कैलाश सोनी राज शर्मा पिंटू सोनी जय शर्मा राकेश रजक और भंडारा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री अमर को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल के जन्मदिन पर युवा पार्षद जोन क्रमांक 5 नगर पालिक निगम के अध्यक्ष रंगा नादम, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी, संदीप केडिया, राजेश त्रिवेदी, शानूल आशीष गुप्ता विवेक त्रामकार दिनेश चौधरी, आशुतोष साव, शैलेन्द्र यादव, रोहित मिश्रा, रोशन सिंह,शरद यादव, लक्ष्मी कश्यप, आशीष तिवारी,महर्षि बाजपेई, रन्नु गुप्ता ने जन्मदिनवस की शुभकामनाएं दी। उनके दीर्घायु एवं यशस्वी होने की कामना की।

भाटिया फ्यूल्स के आयोजन की भव्य तैयारी, एक लाख वर्ग फीट का मैदान सजा

# फाउंडेशन एकेडमी में आज आएंगी नेहा धूपिया शहरवासियों के साथ खेलेंगी रास डांडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- पंजाब बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजन समिति भेजेगी राशि

इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व में भाटिया फ्यूल्स द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 लाख वर्गफीट में रास डंडिया का आयोजन किया जा रहा है। देश की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री बालीवुड कलाकार नेहा धूपिया बिलासपुरवासियों के साथ रास डांडिया खेलेंगी, दूसरे बड़े कलाकार इस आयोजन में शिकरत करेंगे।

25 से 27 सितंबर तक चलने वाले रास डांडिया में मुकुंद रेडियो रायपुर का साउंड सिस्टम तथा पूरे स्टेज में आकर्षक सजावट रिवल्यूशन इवेंट टीम भिलाई द्वारा की गई है। 300 लाइट के साथ आकर्षक सज्जा होगी। रायपुर के प्रसिद्ध बैंड की धुन पर शहरवासी रास डांडिया खेलेंगे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया की आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि पंजाब में बाढ़ विपदा आई है और हमारा शहर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है। इसी कड़ी में पहली बार रास डांडिया द्वारा जो पास जारी किए जा रहे हैं, उनमें से प्रति पास 100 रुपए की राशि पंजाब बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ भेजी जाएगी। यह सहायता राशि जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार के माध्यम से पंजाब सरकार को भेजी जाएगी। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 लाख वर्गिफट में शहरवासियों के लिये रास डांडिया की व्यवस्था की गई है। 2000 वर्गफिट की भारी भरकम एलईडी स्क्रीन से रास डांडिया कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा जा सकेगा। 1 लाख वर्गफीट में पार्किंग की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की गई है। इसके अलावा ग्रुप के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में छोटे बच्चों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था की जा रही है। खाने-पीने की स्टाल के व्यवस्था की गई है। इसमें देश के प्रसिद्ध सिंगर अपनी प्रस्तुति देंगे। शहर में अनेक स्थानों पर 2016 से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी मैदान में नवरात्रि पर्व पर रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी शहरवासी की भागीदारी होगी। आयोजन समिति ने 25 से 27 सितंबर तक आयोजित रास डांडिया में शामिल होने शहरवासियों से अपील की है।

## एनटीपीसी देगा सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल को 5.58 करोड़ की मदद

**बिलासपुर।** नवनिर्मित कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जुदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर में ब्लड बैंक एवं लैब को अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय बनाने के लिए लगभग रुपए 5.58 करोड़ का उपकरण क्रय कर उनके द्वारा प्रदाय करने अनुबंध किया गया। इसमें डॉ भवनीश सामान सीएमओ एनटीपीसी एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी सिंह द्वारा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एन.टी.पी.सी. सीपत विजय कृष्ण पाण्डेय, एवं कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल के समक्ष अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। डायरेक्टर विजय कृष्ण पाण्डेय एवं उनकी टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण, वार्ड, लैब एवं



चिकित्सकीय व्यवस्था की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का प्रथम विश्वस्तरीय सुविधापूर्ण चिकित्सालय है। इस प्रदेश की जनता के लिए बहुत लाभदायी होगा। भविष्य में भी वे सी.एस.आर. के तहत या अन्य किसी भी तरह से इस सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय के लाभ व सुविधा के लिए सहयोग प्रदान करते रहेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल मरीजों को समुचित विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने शीघ्र ही सभी कार्य पूर्ण संपादित करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर एन.टी.पी.सी. के असिस्टेंट जी.एम. जय प्रकाश सत्यम, मोहन लाल, ज्योत्सना कुशवाहा, श्वेता जी, डी.जी.एम. एवं छत्रपाल पटेल, चीफ फार्मासिस्ट, एन.टी.पी.सी. एवं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बिलासपुर के ध्रुव पाण्डेय, भूपेन्द्र कौशिक, आराधना दास, विनिता पटले एवं प्रभात शुक्ला आदि मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री अमर व्यापारियों से मिले कहा- लोगों को जीएसटी की नई दरों पर ही सामान विक्रय करें

**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आज श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं मैग्नेटो मॉल के समीप पदयात्रा कर जीएसटी बचत उत्सव के लाभों की जानकारी आमजन और व्यापारियों को दी। पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ता और साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू यह जीएसटी देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। घटे हुए जीएसटी दरों का सीधा लाभ आम जनता, मध्यमवर्गीय परिवारों, व्यापारियों और किसानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां एक ओर आमजन को राहत मिल रही है, वहीं व्यापारियों



को सुविधा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि देश का प्रत्येक नागरिक आर्थिक रूप से सशक्त बने और हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जीएसटी बचत उत्सव इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना के लाभों को समझ सकें और इसका फायदा उठा सकें। पदयात्रा के दौरान श्री अग्रवाल ने व्यापारियों से संवाद कर उन्हें घटे हुए जीएसटी दरों से होने वाले प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी दी। जीएसटी के नए दरों पर ही सामान विक्रय करने का आग्रह किया। उपस्थित व्यापारियों और आमजनों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम बताया।

## स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सेवा पखवाड़ा

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसमें संकल्प नेत्रालय और एकता ब्लड बैंक ने द्वारा शिविर लगाया गया। इसमें महाविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने अपने नेत्रों और रक्त की जांच करवाई। महाविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच और उपचार के महत्व बताया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा सफल रहा। जिसमें लगभग 100 लोगों ने अपना नेत्र एवं रक्त परीक्षण कराया। महाविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने कहा की हमें विश्वास है कि यह आयोजन आगे भी जारी रहेगा और समाज के विभिन्न वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा।



## मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष प्रो. यूके श्रीवास्तव, प्राध्यापक डॉ. आरके सचदेव, डॉ. बी. के. त्रिपाठी, प्रो. एल. के. गवेल उपस्थित रहें। प्राध्यापक डॉ. सचदेव ने एनएसएस के इतिहास और इसके प्रेरणादायक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। सेवा का मार्ग किस प्रकार अपना है इस पर व्याख्या प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष प्रो. यू. के. श्रीवास्तव एनएसएस के महत्व और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। एनएसएस के स्वयं सेवकों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिसमें उनके अनुभव और एनएसएस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। प्रो. एल.के. गवेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह आयोजन छात्रों को समाज सेवा के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय बनाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. रामेश्वरी बंजारा, डॉ. श्वेता श्रीवास, डॉ. अविनाश सिंह ठाकुर, कृतिका साहू, सिद्धंत शर्मा, मांसी शर्मा, श्रीवाणी शर्मा, रिशी अग्रवाल, सौरभ साहू आदि मौजूद थे।



## पेपर लीक के बाद नया पेपर वाट्सएप पर भेजकर परीक्षा कराने कह दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मामले में शिक्षा विभाग ने जांच टीम भी नहीं बनाई, सिर्फ नोटिस भेजकर खानापूर्ति

जिला स्तर पर ली जा रही 10 वी अंग्रेजी की परीक्षा निरस्त होने के बाद जिला शिक्षा विभाग को करीब 2 लाख का नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन इसके लिए किसी की जिम्मेदारी नहीं तय की गई। सिर्फ एक स्कूल की प्राचार्य को नोटिस जारी करके छोड़ दिया गया है। इस मामले में अभी जांच टीम भी शिक्षा विभाग ने नहीं बनाई है। इसके साथ ही अब स्कूलों को नया प्रश्नपत्र वाट्सएप पर भेजकर इसे प्रिंट कराते हुए नई परीक्षा 27 सितंबर को लेने कहा गया है। इससे अब स्कूलों पर दोहरा भार पड़ने वाला है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे की ओर से कहा गया है कि हरिभूमि के पेपर लीक खुलासे के बाद जिला शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है कि फिर से परीक्षा ली जाएगी। स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या सरकंडा स्कूल की प्राचार्या को नोटिस भी जारी किया गया है। जवाब आने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नोटिस दिया गया

परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण विषय में लापरवाही ठीक नहीं है। यह एक गंभीर मामला है। प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है। जवाब आने के बाद कार्रवाई होगी। जिस विषय की परीक्षा ले ली गई है उसे निरस्त करते हुए नया प्रश्नपत्र तैयार कराया गया है। उसी से परीक्षा होगी।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### संशोधित टाइम टेबल पर ध्यान ही नहीं

इस बारे में जिला शिक्षा विभाग ने प्रारंभिक स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि सेजेस ग्रुप के स्कूलों ने आपस में मिलकर तय कर लिया था कि शनिवार 20 सितंबर को अंग्रेजी का पेपर लिया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई थी। परीक्षा से कुछ दिन पहले लेकिन शिक्षा विभाग ने टाइम टेबल में संशोधन कर दिया। शनिवार को व्यावसायिक पाठ्यक्रम का पेपर लिया जाना था लेकिन कन्या सरकंडा स्कूल में अंग्रेजी की ही परीक्षा ली गई।

भूटान, नेपाल सहित अन्य कई देशों के विद्यार्थियों ने मनाया पारंपरिक पर्व

# सीवीआरयू में मना अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव






**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूटान, नेपाल सहित अन्य कई देशों के विद्यार्थियों ने अपने संस्कृति और पर्व को मनाया।

विद्यार्थियों ने अपने देश के परंपराओं, सभ्यताओं और संस्कृति के महत्व को भी सभी से साझा किया। इस दौरान विदेशी विद्यार्थियों ने अपने-अपने देश के व्यंजन भी बनाएं और सभी को खिलाया। विश्वविद्यालय परिसर अंतरराष्ट्रीय संस्कृति और पर्व की छठ में सराबोर और नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि आपसी मेलजोल, एक दूसरे की संस्कृति को जानना समझना परंपराओं को समझना उनके साथ जीवन जीना मानवता की सीख देता है। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में नेपाल भूटान और अन्य देशों के विद्यार्थियों ने हमें अपनी संस्कृति से अवगत कराया है। जो उनके जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### दूसरे के धर्म को जानना चाहिए: कुल सचिव

विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि वास्तव में सभी धर्म का मूल प्रकृति पूजा ही है। आज हमारे विश्वविद्यालय में अनेक देश के छात्रों ने अपनी संस्कृति और धर्म से हमें परिचित कराया है। भारतीय परंपराओं के अनुसार उन देशों में भी प्रकृति पूजा ही मूल नजर आता है। उन्होंने कहा कि दूसरे की धर्म को जानना ,समझना हमें सीखना चाहिए। इस अवसर पर विदेशी विद्यार्थियों ने भूटान नेपाल और अन्य देशों के पारंपरिक व्यंजन भी बनाएं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की संकुलपति डॉ जयंती चटर्जी एवं सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बलेस्ड रैनी डे सेलिब्रेट

भूटान के विद्यार्थियों ने बलेस्ड रैनी डे सेलिब्रेट किया। वहां की परंपराओं के अनुसार सुबह बहुत जल्दी लोग नदी, झरने या घर पर ही पानी में स्नान करते हैं। पारंपरिक मान्यता है, कि इस दिन आकाश से पवित्र जल आता है, जिसमें स्नान करने से पिछले पाप धुल जाते हैं, नया वर्ष शुभ होता है। स्नान के बाद लोग नए या साफ पारंपरिक कपड़े पहनते हैं। घर को साफ किया जाता है और देवताओं की प्रार्थना की जाती है।

## छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



- युक्तियुक्तकरण में प्रभावित शिक्षकों के अभ्यावेदनों पर शीघ्र निराकरण की मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने आज शिक्षकों की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में 8 सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुये संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष मनोज पवार तथा ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने बताया कि एल बी संवर्ग शिक्षकों की सेवा पुस्तिका संधारण, जीपीएफ पास बुक संधारण,शिक्षकों के समयमान वेतनमान, लंबित एरियर्स का भुगतान,प्राथमिक शालाओं मे प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति,उच्च परीक्षा मे सम्मिलित होने की अनुमति आवेदन पर शिक्षकों को अनुमति आदेश जारी करना, गैर शिक्षकीय कार्य मे शिक्षकों की ड्यूटी न लगाने तथा लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक 153 रायपुर दिनांक 23 सितंबर 25 के अनुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत न्यायालय द्वारा राहत अथवा स्थगन दिया गया है। इसे छोड़कर शेष शिक्षकों को दो दिवस के भीतर कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञापन सौपने वालों में जिला अध्यक्ष मनोज पवार, विजय जाटवर अवनीश तिवारी,राकेश डहरे, शशिकांत जांगाड़े, मिर्जा वसीम बेग राजेश तिवारी, पारितोष शर्मा, सन्नी देओल मंडावी, सुनील कौशिक सहित सभी विकासखंडों के शिक्षक शामिल रहे।

## ग्राम किरारी मस्तूरी में मिली उज्जवला हास्पिटल की सौगात



हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** जेपी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड नर्सिंग होम गणेश नगर नयापारा चौक हेमू नगर द्वारा नवरात्रि के अवसर पर ग्राम किरारी मस्तूरी में 23 सितंबर को उज्जवल हास्पिटल की सौगात क्षेत्र के लोगों को संस्थान द्वारा दी गई।

इस संबंध में डा. उज्जवला कराडे ने बताया कि ग्राम किरारी मस्तूरी में काफी दिनों से क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य सुधार को लेकर हमारी योजना चल रही थी। इसे ध्यान में रखकर 23 सितंबर को संस्थान द्वारा नवरात्रि पर उज्जवला हास्पिटल का शुभारंभ ग्राम किरारी मस्तूरी में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि तामेश सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मस्तूरी नितेश सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, राहुल सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कृष्णन थे। डा. उज्जवला ने बताया इस हास्पिटल में हमारे विभाग द्वारा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, जनरल मेडिसीन, दंत रोग विभाग संचालित है। यहां महिला डाक्टर द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा है। इसके अलावा जनरल मेडिसीन, फिजियोथेरेपी, लेबोरेटरी, नार्मल डिलिवरी, एम्बुलेंस, इमरजेंसी, गायनेकोलाजिस्ट सहित अन्य सुविधाएं मौजूद है। क्षेत्र के लोगों को कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सारी मेडिकल सुविधा इस अस्पताल में आसानी से उपलब्ध है। इस हास्पिटल के खुलने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह का मौहाल है।

## मित्तल फर्नीचर में नवरात्रि ऑफर, 20%की दी जा रही छूट



बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर में इन दिनों नवरात्रि आफर की धूम मची हुई है। शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि नवरात्रि आफर चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही एक्सचेंज ऑफर भी चलाया जा रहा है।

संचालक ने बताया कि हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत 23 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच व्यापार विहार में भी स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।

## चौकसे कॉलेज के लॉ के छात्रों ने किया महिला थाने का शैक्षणिक भ्रमण



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के लॉ विभाग के विद्यार्थियों ने महिला थाना, पुलिस लाइन बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विधि एवं न्याय प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। यह शैक्षणिक दौरा लॉ की हेड डॉ. तनुजा ब्रिथरे की निगरानी में हुआ।

इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ स्वाति अग्रवाल, काजल लुल्ला, विकास कुमार, ईशान शुक्ला, ललिता यादव, हेमा बिस्वास उपस्थित थी। महिला थाना प्रभारी लक्ष्मी चौहान ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, अपराध निरोधक उपायों, केस स्टडी एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए कानून के क्षेत्र में करियर निर्माण करने प्रेरित किया। इस दौरा में 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज की प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सराहनीय पहल है। प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को समाज एवं न्याय व्यवस्था की वास्तविक कार्यप्रणाली से जोड़ते हैं। कॉलेज के रजिस्ट्रार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### मवेशियों को बूचड़खाना ले जाते 6 पकड़े गए




**बिलासपुर।** 80 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पैदल हांकते बूचड़खाना ले जाते 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, जरहागांव बरेला निवासी अभय सिंह क्षत्रिय अपने साथियों के साथ 23 सितंबर को शाम 7.30 बजे बड़े करगीकला रोड में लोरमी उजहा निवासी महेश यादव, पकला कुमार ओग्रे, प्रकाश अंचल, राम अंचल, सुरो ओग्रे, राहुल ओग्रे को 80 मवेशियों को बूचड़खाना ले जाते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अभय सिंह क्षत्रिय की रिपोर्ट पर छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू रखकर दहशतगर्दी मचाते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू रखकर दहशतगर्दी मचाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली जलसो बाजारपारा में एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर दहशतगर्दी मचा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चाकू सहित राहुल वर्मा पिता संतोश वर्मा 23 साल को पकड़ लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में 6 प्रकरण दर्ज होने के कारण आरोपी राहुल वर्मा को गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल किया गया है।

### छात्रा को अश्लील इशारा करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्कूल जाते आते समय छात्रा को अश्लील इशारा करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने रिपोर्ट लिखाई। प्रतिदिन उन्हें स्कूल जाते आते समय जबड़ापारा श्रीराम गली निवासी विजय कुमार अतरानी उर्फ अज्जू पिता चंद्रप्रकाश अतरी 44 साल अश्लील इशारा करता था, पूर्व में उसे समझाइश दी गई थी। 22 सितंबर को छात्रा स्कूल जा रही थी तब युवक अश्लील इशारा कर मोबाइल खरीदकर देने का लालच देकर अश्लील कृत्य करने के लिए उकसाने लगा। छात्रा व उसकी सहेलियों ने विरोध किया तब युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगा।

## पकड़े गए तस्करों की संपत्ति का रिकार्ड खंगाला जा रहा

# गांजे की काली कमाई से बना 38 लाख का मकान होगा फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांजे की काली कमाई से बना तस्कर के 38 लाख 50 हजार का मकान व जमीन को चिन्हाकिंत कर फ्रीज करने पुलिस ने मुंबई साफेमा कोर्ट में प्रतिवेदन पेश किया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया कि एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पूर्व में मादक पदार्थ की बिक्री करते पकड़े गए तस्करों की संपत्ति का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। इसी तारतम्य में सकरी पुलिस ने पूर्व में तीन बार गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए आरोपी चोरभट्ठीखुर्द निवासी कांति पांडे की संपत्ति की गोपनीय तरीके से जांच की गई। जांच में पाया गया कि आरोपी ने गांजे की काली कमाई से चोरभट्ठीखुर्द में 15 लाख का मकान व चोरभट्ठीकला में 21 लाख की जमीन खरीदी है। इसी तरह कांति पांडे को गांजा उपलब्ध कराने वाले ओडिशा अंबाभना कोडपल्ला निवासी तस्कर दीपक गंडा को पकड़कर 2.50 लाख रुपए नकद जब्त किया गया था। तस्कर के मकान व जमीन को सीज करने प्रतिवेदन मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा गया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस उसके मकान व जमीन को फ्रीज कर लेगी। अब तक जिले में 7 प्रकरणों में 19 तस्करों की अवैध संपत्तियां चिन्हित कर 7.40 करोड़ की संपत्ति फ्रीज किया गया है।





वह मकान व प्लाट जिसे फ्रीज किया गया। आरोपियों से जब्त सामाग्री व दस्तावेज।

## सिपाही के पीठ पर चाकू से हमला नदी में कूदकर भागा कोचिया

**बिलासपुर।** मस्तूरी क्षेत्र में नदी किनारे अवैध शराब पकड़ने गए आरक्षक के पीठ पर चाकू से हमला कर कोचिया नदी में कूदकर भाग गया। विभागीय कार्रवाई के डर से मामले का दबा दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार की दोपहर मस्तूरी थाने के 4 से 5 आरक्षक बिना विवेचक के ग्राम डोंड़की लीलागर नदी किनारे अवैध शराब पकड़ने गए थे। पुलिस को देखकर कोचिया भागने लगे। दौड़ाकर आरक्षकों ने एक कोचिया को पकड़ लिया। खबर है कि कोचिया ने एक आरक्षक के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया और नदी में कूदकर भाग गया। आरक्षक पर चाकू से हमला होने की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। देर रात तक पुलिस गांव में हमलावर कोचिया की तलाश में लगी हुई थी, किन्तु हमलावर कोचिया पुलिस के हाथ नहीं लगा। विभागीय कार्रवाई के डर से घायल आरक्षक ने घटना की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई। एक तरह से मामले को दबा दिया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में सीपत थाने के आरक्षक बिना विवेचक के अवैध शराब बेचने वाले कोचिया को पकड़ने गए थे। भागते समय छत से गिरकर कोचिया का पैर टूट गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा बिना विवेचक के अवैध शराब बेचने को पकड़े जाने पर आरक्षकों को एक साल वेतन वृद्धि रोकने की सजा दी गई थी।

### चाकू से हमला नहीं हुआ है

थाने के 4 से 5 स्टाफ सूचना पर अवैध शराब पकड़ने डोड़की नदी किनारे गए थे। पुलिस को देखकर कोचिया भाग खड़े हुए। चाकूबाजी की घटना नहीं हुई है। मुझे भी आरक्षक पर चाकू से हमला होने की झूठी सूचना मिली थी।

-हरीशचंद्र टाण्डेकर मस्तूरी टीआई

### पत्नी ने की खुदकुशी पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना से त्रस्त होकर महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर 2025 को बोदरी निवासी नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनके परिजन माता पिता भाई ने आरोप लगाया कि मृतका के पति शाहिद कुरैशी, सास नशीबा कुरैशी, ननद अनाया कुरैशी दहेज के नाम पर प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 80/2 के तहत जुर्म दर्ज कर पति शाहिद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है। सास व ननद की पतासाजी की जा रही है।






### ट्रेन में मोबाइल लूटने वाले आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने तोरवा पुलिस के साथ मिलकर लूटपाट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन की आरपीएफ की सीआईबी और टास्क टीम स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान यात्री मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल निवासी मेहंदी हसन ने बताया कि वह 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस में सफर कर रहा था चुचुहियापारा अंडरब्रिज के पास वह कोच के गेट के पास खड़ा होकर अपनी मोबाइल देख रहा था। इसी समय कुछ युवकों ने उसपर लाठी से हमला कर मोबाइल छीन लिया। आरपीएफ की टीम ने तोरवा पुलिस के साथ आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। यात्री के बताए अनुसार संबंधित हुलिए के व्यक्ति की तलाश की गई, जिसमें सिरगिट्टी निवासी प्रवीण यादव उर्फ नानचा मिला। पूछताछ करने के बाद उसके पास से मोबाइल जब्त किया गया। इसके उपरांत हेमूनगर निवासी अंकुश ललपुरे, सिरगिट्टी निवासी अखिलेश दास मानिकपुरी और तोरवा शंकर नगर निवासी नीतेश यादव को पकड़ 1 लाख 20 हजार रुपए का मोबाइल बरामद किया गया। वहीं एक आरोपी हेमूनगर तोरवा निवासी राहुल ठाकुर फरार हो गया। आरपीएफ सीआईबी के प्रभारी रामलाल यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी मोबाइल की लूटपाट मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। सभी आरोपियों को पकड़कर तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

■ रेल यात्रियों से लूटते थे मोबाइल

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, चोरभट्ठी निवासी ओमप्रकाश केंवट पिता नंदकुमार केंवट 24 सितंबर की सुबह 6.30 बजे ट्रैक्टर चलाने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 10 बीटी, 0644 से नौरीतीकांपा जा रहे थे। घुटकू अंडरब्रिज के पास सामने आ रहे तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश केंवट की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पिता नंदकुमार केंवट की रिपोर्ट पर अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106,1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एनएसयूआई ने स्कूल के सामने किया प्रदर्शन

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र के नेवसा गांव स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा पूनम रजक की आत्महत्या मामले में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने स्कूल के सामने जमकर हंगामा किया और प्रबंधन तथा शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मृतका के परिजन भी प्रदर्शन में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, सोमवार को पूनम स्कूल से लौटने के बाद घर में अकेली थी। इसी दौरान उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में उसके साथ शिक्षक आतिश रात्रे और डायरेक्टर के पति रमेश साहू ने मारपीट की थी। इस अपमान और प्रताड़ना से आहत होकर छात्रा ने आत्महत्या का कदम उठाया। घटना के बाद गांव में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। आरोप है कि परिजनों को प्रलोभन देकर चुप कराने की कोशिश की गई और घटना की दिशा मोड़ने के लिए एक छात्र पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। एनएसयूआई नेताओं का कहना है कि स्कूल प्रबंधन को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, क्योंकि गांव का सरपंच डायरेक्टर का रिश्तेदार है। इसी वजह से अब तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं की गई है।

■ छात्रा की आत्महत्या के बाद बवाल










## खबर संक्षेप

### बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परसराम यादव, योगेश साहू, सतीश भास्कर, सूरज यादव, अशोक साहू, मनीराम साहू, इंद्रपाल साहू, रोशन साहू, अधिवक्ता नेमचंद साहू मौजूद रहे।

### विष्णु बने नगर साहू समाज के अध्यक्ष



**पथरिया।** मंगलवार को नगर साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में समाज के संरक्षक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, निर्णायक समिति के पवित्र साहू सम्मिलित हुए। इस दौरान अध्यक्ष के रूप में विष्णु साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साहू, संगठन सचिव रुक्मणी साहू एवं सचिव के रूप में सुरेश साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। बैठक ग्राम जुनवानी के सामाजिक भवन में आयोजित की गई, निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा से सामाजिक विकास और कल्याण के लिये कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष विष्णु साहू ने वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद लेकर सभी का आभार जताया। इस अवसर पर बबला साहू, बुधारी साहू, प्रहलाद साहू, विष्णु साहू, संतोष साहू, राजू राम साहू, नवल साहू, मंत्री साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत पौधरोपण कार्यक्रम



**सरगांव।** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर प्रदेश भाजपा किसान के आह्वान पर किसान मोर्चा मुंगेली ने सेवा पखवाड़ा के तहत 'एक पेड़ मा के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिजवान हक के नेतृत्व में सरगांव मंडल में 75 पौधों के वितरण तथा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिजवान हक, सरपंच रामशीला राजपूत, दुकलहा साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, रामनारायण राजपूत पंच, बोधराम राजपूत, विवेक साहू संस्था प्रभारी, ललित साहू सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

### शिक्षा से ही अगली पीढ़ी छुएगी बुलंदीः दीवान



**जरहागांव।** साहू समाज लोहड़िया साहू परिक्षेत्र के नवीन अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों की ग्राम लोहड़िया में परिक्षेत्रिय बैठक हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष विजय दीवान पर्यवेक्षक माखन साहू मेला राम साहू सुशील साहू, शशि साहू मनोज साहू ,भारत साहू कमलेशवर साहू गंगा राम साहू ,महेंद्र ,गोकुल राजाराम ,अश्विनी, विदेशी गोलू ,राजकुमार दाऊ गोवर्धन व समाज की उपस्थिति में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों को गठन किया गया उक्त गठन में ऋषि दीवान को परिक्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर ऋषि दिवान ने कहा कि समाज का मुखिया बनना सिर में कांटों के ताज के भांति होता है यदि अपने दायित्वों का निर्वाहन होता है तो समाज के प्रति अच्छे होने का गर्व महसूस होता है ।

### सड़क से बकरियों को हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**तखतपुर।** सड़क में बैठी बकरियों को हटाने के लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अमर निषाद की नगर पालिका क्षेत्र बेलसरी में तालाब के रास्ते पर बकरी बैठी हुई थी, जिसके ऊपर राजेश टंडन व कुलदीप खांडेकर दुपहिया वाहन चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। जब अमर ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष से कुलदीप खांडे ने शिकायत दर्ज कराई कि, 23 सितम्बर की रात 9:30 बजे वह दुपहिया वाहन से घर जा रहा था। अमर निषाद ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अलग राज्य बनने के बाद अब तक नहीं हुई सड़कों की मरम्मत

# मप्र की सीमा से लगी सड़कों की हालत जर्जर, राहगीर हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भर्रीडांड़

जीपीएम जिले को मध्यप्रदेश की सीमा से जोड़ने वाली सड़कों की जर्जर हालत राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग की उदासीनता के कारण उक्त सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं, और इनमें गिर कर राहगीर आए दिन घायल हो रहे हैं। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग हुए 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं, लेकिन सीमावर्ती सड़कों का हाल अभी भी ज्यों का त्यों बना हुआ है।

विभागीय अफसर और जनप्रतिनिधि शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। समाज सेवी प्रकाश चंद राय, ऊपलाल केवट, प्रताप रजक, असोक कुमार राय आदि का कहना है कि, मध्यप्रदेश सीमा को जोड़ने वाली जितनी भी सड़के तथा पुलिया हैं, सभी क्षतिग्रस्त हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जब एक साथ थे, तभी इन सड़कों पर काम हुआ था। उसके बाद से ऐसा लगता है मानो, जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारी इन सड़कों को भूल चुके हैं, या फिर जानबूझ कर इन मार्गों अनदेखी की जा रही है।



मध्यप्रदेश की सीमा से लगी जर्जर सड़क।

#### इन मार्गों की स्थिति जर्जर

मरवाही से भेड़वा नाला पहुंच मार्ग, धरहर से भेलमा पहुंच मार्ग, देवगवां-मालाडांड-चोलना मार्ग, चंगेरी से बगडुमरा मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है। इन सड़क पर गड्ढे तालाब का रूप ले चुके हैं, जिनमें ओवरलोडेड ट्रक लहराते हुए निकलते हैं। दुपहिया और पैदल यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। बारिश के समय सड़क पर हने गड्ढे और भी खतरनाक हो जाते हैं एवं छोटे चार पहिया वाहन इनमें आधा डूब जाते हैं।

#### जाकर देखेंगे

हमारे संज्ञान में बात है कुछ रोड टेंडर पर हैं जहां पेच वर्क की जरूरत है, मैं वहां कल जाकर देखती हूं, आज मीटिंग में हूं।

- **नित्या कुमारी ठाकुर**, कार्यपालन मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग

#### इमरजेंसी फंड की डिमांड

ठेकेदार से लेटर और इमरजेंसी फंड की डिमांड की गई है। सुनकर लगता है कि, विभागीय समाधान भी ध्यान-योग की मुद्रा में ही है।

- **प्रयाग दीक्षित**, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय

### हास्य, देशभक्ति कविताओं से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



मंचस्थ अतिथिगण।

**सेतगंगा-मुंगेली।** नवरात्र के अवसर पर मंगलवार 23 सितम्बर को सेतगंगा मंदिर प्रांगण में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष रामकमल सिंह रहे एवं अध्यक्षता पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत राधेश्याम दास, देवलाल केशरवानी, डॉ सुरेश केशरवानी, शिवप्रताप सिंह ठाकुर, रजनी मानिक सोनवानी, आकाश सिंह परिहार, डॉ रामजी शर्मा, विष्णु जायसवाल, कमल लोचन टोंडर, लालराम साहू, नेमसिंह बोगी बारमते, कन्हैया सिंह बैस, जय देवांगन, योगेन्द्र शर्मा, रामकृष्ण देवांगन उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रसिध्द हास्य कवि पवन बांके बिहारी ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध लिया। कवि हीरामणी वैष्णव ने कवि सम्मेलन में उपस्थित श्रोताओं को हास्य कवि ने इतना प्रभावित कर दिया कि पूरा परिसर तालियो गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अन्य कवियों ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओ को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि देवेन्द्र सिंह परिहार ने देश भक्ति से ओज प्रोत कविताएं प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर रामकमल सिंह परिहार ने कहा कि, कवि सम्मेलन का आयोजन करने के लिए आयोजक समिति टीम बधाई की पात्र है। इस तरह के कार्यक्रम में नामचीन कवियों को सुनने के साथ अपनी अमूल्य सांस्कृतिक परंपरा को जानने का अवसर मिलता है। चंद्रभान बारमते ने कहा कि, वर्तमान भौतिकवादी युग में आम लोग अपनी परंपरा की मुख्य धारा से दूर होते जा रहा हैं। कविता समाज व देश की दशा व दिशा तय करने की काम करती है। डॉ सुरेश केशरवानी ने कहा कि, कवि सम्मेलन में कवियों की शानदार प्रस्तुति ने मन मस्तिष्क को झझकोरने का काम किया है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डिवाइन वर्कशॉप




**पेंड्रा।** गायत्री मिशन युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दीया ने नवागांव स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशाल डिवाइन वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने नशा न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति गीतों से हुई, जिसमें गीतों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर संदेश दिया गया। दोपहर 2:00 से 3:30 बजे तक चली इस कार्यशाला में संरक्षक मथुरा सोनी ने कहा कि, भारतीय संस्कृति हमें सशक्त और समृद्ध राष्ट्र निर्माण का संदेश देती है, जिसके लिए समाज को नशा मुक्त बनाना जरूरी है। जिला संयोजक कंचन सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि, जीवन एक सौभाग्य है, जिसे नशे से दूर रहकर संकल्प शक्ति और आत्मविश्वास के साथ जीना चाहिए। प्रांत सहसंयोजक ओमप्रकाश बलभद्र ने छात्रों को सफलता के सूत्र बताते हुए व्यक्तित्व निर्माण पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर संरक्षक मूलचंद कुशराम, गोलवती उइके, विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार पवार सहित कई शिक्षक व दीया संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति अभियान और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सभी प्रश्नों के सही उत्तर दिए।

### गिरिजा माता मंदिर में जागरण कार्यक्रम आज

**करगी रोड कोटा।** आचार्य संत पुरुषोत्तम के सानिध्य में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सिद्धपीठ गिरिजा माता मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 25 सितंबर रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ धरसींवा विधायक अनुज शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार लाल जी श्रीवास एवं उनकी टीम माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। विशेष आकर्षण के रूप में मां के सुंदर भजनों के साथ भक्तों को दिव्य माहौल का अनुभव होगा। साथ ही, नवमी को विशाल कन्या लंगर व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति के मुक्कू गुप्ता ने बताया कि, भक्तिमय माहौल में होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक को भेजा गया जेल

**तखतपुर।** छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, नगर की कक्षा 12वीं की छात्रा रोज की तरह 21 सितंबर शाम 4 बजे अंग्रेजी का ट्यूशन पढ़ने जनकपुर गई। इसी दौरान शिक्षक दिलीप पटेल उर्फ समीर पटेल ने छात्रा को कमरे में बुलाया और जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश करने लगा। छात्रा किसी तरह वहां से बच कर घर पहुंची। अगले दिन सुबह हिम्मत जुटाकर छात्रा ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी और परिजनों के साथ थाने जाकर घटना का शिकायत दर्ज कराई। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया एवं उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जेएमपी महाविद्यालय में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने की एवं स्वदेशी उद्यमिता के बारे में संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ नीति श्रीवास्तव महिला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी वस्तुओं की प्राथमिकता पर जोर दिया और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि जॉब सीकर ना बनिए, बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनिए। उन्होंने कहा कि, दूसरे देशों की वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर विकसित बने और बेरोजगारी व गरीबी दूर करें। विशिष्ट अतिथि डॉ सुशील श्रीवास्तव ने जय स्वदेशी जय-जय स्वदेशी नारे के साथ युवा शक्ति को सकारात्मक मार्ग पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि रमेश प्रधान ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाई एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन इन्दु कौशल ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ मीरा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ एस के पाड़े, डॉ नावेद सिद्दीकी, डॉ ज्योति गोस्वामी, प्राची गुप्ता, जसमीत कौर एवं बहुत अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शालेय शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने बुधवार को शिक्षकों की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे 8 सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुये संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष मनोज पवार तथा ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने बताया कि, एलबी संवर्ग शिक्षकों की सेवा पुस्तिका संधारण, जीपीएफ पासबुक संधारण, शिक्षकों के समयमान वेतनमान, लंबित एरियर्स का भुगतान, प्राथमिक शालाओं मे प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति, उच्च परीक्षा मे सम्मिलित होने की अनुमति, आवेदन पर शिक्षकों को अनुमति आदेश जारी करना, गैर शिक्षकीय कार्य मे शिक्षकों की ड्यूटी न लगाने तथा युक्तिकरण प्रभावित शिक्षकों के आवेदनों पर यथा शीघ्र निराकरण की मांग की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज पवार, तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर सचिव अवनीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश डहरे, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत जांगाड़े, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा वसीम बेग, राजेश तिवारी, पारितोष शर्मा, सन्नी देओल मंडावी, सुनील कौशिक शामिल रहे।



ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

### स्कूल का ताला तोड़कर 3500 का सामान पार

**तखतपुर।** स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 3 हजार 5 सौ रूपए का समान पार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पूमा शाला पोंड़ीकला के प्रधान पाठक विनोद खुंटले ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 23 सितम्बर को स्कूल की छुट्टी होने के बाद शाम 4 बजे स्कूल और आफिस को बंद कर वे घर चले गए थे। 24 सितम्बर को सुबह आने पर उन्होंने देखा कि, स्कूल का ताला टूटा हुआ था एवं अंदर से बच्चों के बैठने वाले दो हरे रंग के मैट और आलमारी में रखे तीन हजार रूपए की चोरी हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पोर्ते कॉलेज में रजत जयंती समारोह का आयोजन

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की 25वीं वर्षगांठ पर डॉ भंवर सिंह पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय मरवाही में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन मेहंदी, रंगोली और पुष्प सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें शासकीय कन्या उमा विद्यालय प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। दूसरे दिन महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं का एलुमिनी मीट आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पुरानी बैच के विद्यार्थी शामिल हुए। तीसरे दिन क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई, जबकि अंतिम दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने की। आयोजन को सफल बनाने में प्रो गोवर्धन तिवारी, युवराज साहू, किरण गुप्ता, राजेन्द्र ताम्रकार एवं निरंजन सिंह का विशेष सहयोग रहा।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

### जन सहयोग से ब्रह्मचारी तालाब में सफाई में जुटे छाबरिया

## गंदगी दूर कर तालाब को सैर करने योग्य बनाया जाएगा: छाबरिया

**पेंड्रा।** सरोवर, मुक्तिधाम, खेल मैदान आदि की सफाई कर जिले में स्वच्छता का पर्याय बन चुके विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी हर्ष छाबरिया ने अब पुराना गौरेला स्थित ब्रह्मचारी तालाब को साफ करने का बीड़ा उठाया है। चारों ओर झाड़ियों, खरपतवारों, कांटों और विभिन्न तरह के गंदगी से पट चुके ब्रह्मचारी तालाब के सफाई अभियान में जुट चुके हर्ष छाबरिया ने कहा कि, वे जन सहयोग से इस तालाब की गंदगी को दूर करके इसे लोगों के सैर करने योग्य स्थान बनाकर दिखाएंगे।

उन्होंने कहा कि, कुछ दिनों बाद लोग इस तालाब को देखकर पहचान नहीं पाएंगे कि, ये वही ब्रह्मचारी तालाब है, जिसमें गंदगी का अंबार लगा रहता था। तालाब के सफाई अभियान में हर्ष छाबरिया की टीम के साथ नगर पालिका गौरेला अध्यक्ष मुकेश दुबे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ संजय शर्मा, राकेश दुबे, ठाकुर रामप्रकाश सिंह, गोविंद अग्रवाल, प्रथमेश नगाइच, डॉ मोहन लाल चढ़ार, विकास त्यागी, हेमंत कुमार, सनी अगवानी, पीयूष अग्रवाल, अनिल कुमार पंजाबी, अमोल पाठक, भारत विकास परिषद के सदस्य इत्यादि का सहयोग मिल रहा है।



#### ब्रह्मचारी तालाब हमारी कई पीढ़ियों की धरोहरः मुकेश

सफाई अभियान में तन-मन-धन से सहयोग कर रहे नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने नगर वासियों से अपील की है कि, तालाब की सफाई के बाद लोग पूजा के फूल और हवन सामाग्री तालाब में ना डालें, क्योंकि पॉलीथिन ही गंदगी का मुख्य कारण बनती है। उन्होंने कहा कि, तालाब में कोई भी ऐसी सामग्री नहीं डालें जो पानी में नष्ट नहीं होती और गंदगी का कारण बन जाती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारी तालाब हमारी कई पीढ़ियों की धरोहर है, उसे स्वच्छ रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

### मोहले ने किया महतारी सदन का लोकार्पण



**धरमपुरा।** ग्राम पंचायत सोढ़ार में महतारी सदन के लोकार्पण विधायक पुन्नूलाल मोहले ने फीता काटकर किया । लोकार्पण के अवसर पर उन्होंने कहा कि महतारी सदन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं कौशल शिक्षा ,आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।महतारी सदन से किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में महिलाओं को आश्रय सुरक्षा एवं आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाओं में जागरूकता आ रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय जनपद अध्यक्ष राजकमल परिहार जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पदमनी मोहले जनपद सभापति पवन पाण्डेय भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी जायसवाल , नगर पंचायत अध्यक्ष बरेला नरेश पटेल जनपद सदस्य राजा साहू रति दास घृतलहरे सरपंच श्रीमती सुनीता बजरंग राजपूत सहित,शंभू कश्यप संतोष खांडे जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक ,बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।